निर्धारित दंड के स्वरूप को युक्तिसंगत बनाया गया है, तथा गंभीर अपराधों आदि में संक्षिप्त अपराधियों को जमानत देने संबंधी उपबंधों को कठोर बनाया गया है।

(ग) राज्य सभा ने दिनांक 22.7.98 की अपनी बैठक के दौरान विस्तृत जांच हेतु इसे स्थायी समिति को भेजने के सुझाव के साथ संशोधन विधेयक को अध्यक्ष, राज्य सभा के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया।

(घ) जी, हां।

(ङ) जी, नहीं।

(च) इस विधेयक में एन. डी. पी. एस. की किसी भी धारा को हटाने का प्रस्ताव नहीं है।

Income Tax offenders related to securities scam

4515. SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Will the Minister of FINANCE be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 1446 given in the Rajya Sabha on 9th June, 1998 and state:

(a) whether it is a fact that some of the 13 Income Tex assessees mentioned are related to the Securities scam;

(b) If so, who are they; and

(c) what action has been taken to attach their properties to recover the outstanding dues from these 13 persons?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI R. JANARTHANAM): (a) Yes, Sir.

(b) The Income Tax assessees related to securities scam are as follows:—

(i) Harshad S. Mehta
(ii) Hiten P. Dalai
(iii) B. C. Dalai
(iv) Ashwin S. Mehta
(v) S. Ramaswamy
(vi) Jyoti H. Mehta
(vii) A. D. Narottam
(viii) Harshad S. Mehta (W.T.)
(ix) Bimal S. Gandhi

(c) All properties, movable or immov able, stand attached by the Custodian appointed by the Special Court under the Special Court (TORTS) Act, 1992. The disbursement from the attached assets is made under the provisions of the Special Court (TORTS) Act, 1992 by the Special Court.

कुरेभार में राष्ट्रीयकृत बैंक की नई शाखा

4516. **श्री सूर्यभान पाटील वहाडणे**: क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सुलतानपुर जिले के कुरेभार नगर में वहां वर्तमान में राष्ट्रीयकृत बैंक में उपभोक्ताओं की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए राष्ट्रीयकृत बैंक की एक नई शाखा को खोलने का विचार है,

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं और सरकार कुरेभार खाताधारकों को सुविधाएं किस तरीके से उपलब्ध करायेगी?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर. जर्नादनम): (क) से (ग) मौजूदा शाखा लाइसेंसिंग नीति के अन्तर्गत बैंक तभी नई शाखा खोलने का निर्णय लेते हैं जब उनके विचार से जहां पर्याप्त व्यवसाय मौजूदा हो और शाखा अर्थक्षम हो या फिर ग्रामीण ऋण के लिए सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण की योजना का बेहतर प्रबन्धन करने के लिए वहां ऐसी शाखा खोलना आवश्यक हो। बैंक भारतीय रिजर्व बैंक (आर बी आई) से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही अपनी शाखाएं खोलते हैं। आर बी आई ने सूचित किया है कि जिला सुलतानपुर उत्तर प्रदेश में कुरेभार केन्द्र में इस समय भारतीय स्टेट बैंक की और सुलतानपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की एक एक शाखा कार्यरत है। सुलतानपुर जिला सहकारी बैंक की एक शाखा भी इस केन्द्र में कार्य कर रही है। आर बी आई को किसी भी राष्टीयकृत बैंक की ओर से कुरेभार में अतिरिक्त शाखा खोलने के बारे में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखाओं का कमप्यूटरीकरण

4517. **श्रीमती मालती शर्मा**: क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि स्टेट बैंक आफ इंडिया की फाउंटेन और चांदनी चौक शाखाओं का अभी तक कम्प्युटरीकरण नही किया गया है तथा वहां पर गणक मशीनें भी नहीं लगाई गई हैं, और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और सरकार का इन शाखाओं का कब तक कम्प्यूटरीकरण करने और इनमें गणक मशीनें लगाने का विचार है ताकि दुकानदार